बिहार सरकार

# बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

आई.ए.एस. संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14

**विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी. (बी.सी.ई.सी.ई.)-2016/37 दिनांक- 13.11.2016**

## PCB ग्रुप के आधार पर दिनांक 26.09.2016 से 29.09.2016 तक आयोजित तृतीय कॉउन्सेलिंग में आयुर्वेदिक पाठ्यक्रम की बची सीटों पर सीट आवंटन हेतु कॉउन्सेलिंग के सम्बन्ध में आवश्यक सूचना

**1.** बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा-2016 के PCB ग्रुप की मेधासूची के आधार पर राज्य के चिकित्सा पाठ्यक्रमों के आयुर्वेदिक पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष स्नातक पाठ्यक्रमों के सत्र 2016-2017 के लिये प्रवेश हेतु तृतीय कॉउन्सेलिंग के अनुसार आवंटन उपरान्त उपलब्ध रिक्तियाँ पर्षद के वेबसाइट **www.bceceboard.com** पर उपलब्ध हैं। अंतिम उपलब्ध रिक्तियाँ कॉउन्सेलिंग के समय देखी जा सकती हैं।

**2.** उपरोक्त कंडिका-1 के अनुसार रिक्तियों के विरूद्ध पाठ्यक्रम / संस्थान आवंटन हेतु PCB ग्रुप की उपरोक्त काउन्सेलिंग में सम्मिलित होने के लिए बी.सी.ई.सी.ई.(द्वितीय चरण)-2016 में सम्मिलित PCB ग्रुप के सभी उम्मीदवार [विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(बी.सी.ई.सी.ई.)- 2016/15 दिनांक 17.06.2016 द्वारा समाचार पत्रों में पूर्व प्रकाशित सूचनाओं के अन्तर्गत PCB ग्रुप की मेधा सूचियों में सम्मिलित उम्मीदवारों सहित] पात्रता प्राप्त हैं। उनके यथा उपलब्ध कुल प्राप्तांको पर आधारित PCB ग्रुप की मेधा क्रम (Merit Serial) पर्षद के **website:www.bceceboard.com** पर उपलब्ध करा दिया गया है। इच्छुक प्रत्येक उम्मीदवार आरक्षण कोटिवार अपना PCB मेधाक्रमांक प्राप्त कर PCB ग्रुप की कॉउन्सेलिंग में सम्मिलित होने के लिये निम्नवत् प्रक्रिया द्वारा अपना Option online submit कर दे।

**"दिनांक 13.11.2016 से दिनांक 21.11.2016 (5.30 बजे अपराह्न की अवधि में) तक पर्षद के वेबसाईट www.bceceboard.com के Home page पर जाकर PCB Rank of BCECE-2016 (Second Stage) के प्रावधान के अनुसार निर्देशित जगह पर बी.सी.ई.सी.ई.(द्वितीय चरण)-2016 का अपना रौल नं. एवं जन्म तिथि डाल कर PCB मेधाक्रम की जानकारी ले ले।" इसके आधार पर यदि अभ्यर्थी कंडिका-1 में उल्लिखित** कॉउन्सेलिंग में सम्मिलित होना चाहता है तो **'Submit your Option Online'** बटन पर **Click** करे और उसका प्रिंट निकाल ले जिसपर उसका कोटिवार **PCB** मेधाक्रम एवं **Option ID** छपा होगा। इस प्रिंट को कॉउन्सेलिंग के समय लाना अनिवार्य होगा।

**3(क).** बी.सी.ई.सी.ई.(द्वितीय चरण)-2016 में सम्मिलित केवल वैसे सभी उम्मीदवार ही उपरोक्त कंडिका-1 के अनुसार उपलब्ध रिक्तियों के विरूद्ध पाठ्यक्रम / संस्थान आवंटन हेतु उपरोक्त कॉउन्सेलिंग में भाग ले सकेंगे जिन्होने उपरोक्त कंडिका-2 में उल्लिखित प्रक्रियानुसार उपरोक्त कॉउन्सेलिंग में सम्मिलित होने के लिए अपने Option को Online submit कर अपना कोटिवार PCB मेधा क्रमांक एवं Option ID **दिनांक 13.11.2016 से दिनांक 21.11.2016** (5:30 बजे अपराह्न तक) की अवधि में प्राप्त कर लिया है।

**(ख) कंडिका 1 के अनुसार उपलब्ध रिक्तियों के विरुद्ध सीट पुनर्आवंटन / आवंटन हेतु पर्षद की वेबसाइट www.bceceboard.com पर निर्धारित कॉउन्सेलिंग कार्यक्रम दिनांक 23.11.2016 से उपलब्ध करा दिया जायेगा जो दिनांक 25.11.2016 से प्रारम्भ हो जायेगा।**

**4. बी.सी.ई.सी.ई.-2016 के PCB ग्रुप के वैसे अभ्यर्थी ही Online Option दें, जिन्हें आयुर्वेदिक पाठ्यक्रम में नामांकन लेना सुनिश्चित है। एक बार सीट आवंटन होने के उपरान्त उन्हें नामांकन लेना अनिवार्य होगा।**

**5.** उपरोक्त कंडिका 3(क) के अनुसार पात्रता-प्राप्त एवं निर्धारित तिथि तक Online Option submit करने वाले जिन उम्मीदवारों को उपरौक्त कंडिका 3(ख) के अनुसार उपलब्ध साक्षात्कार कार्यक्रम में भाग लेने के लिये कोटिवार सम्मिलित किया गया है, वे अपने कोटिवार साक्षात्कार तिथि / तिथियों को स्वयं साक्षात्कार में उपस्थित हों अन्यथा ऐसे उम्मीदवार उपरोक्त कंडिका 3(ख) के अनुसार वेबवाइट पर उपलब्ध कराये गये साक्षात्कार कार्यक्रम में सम्मिलित होने एवं तदनुसार पुनर्आवंटन / आवंटन / नामांकन हेतु अपना दावा खो देगें।

**6.** (क) विभिन्न संस्थानों में उपलब्ध रिक्तियों की पाठ्यक्रमवार, आरक्षण कोटिवार संख्या साक्षात्कार के समय देखी जा सकती है।

(ख) आरक्षण के लागू प्रावधानों के अनुसार आरक्षित वर्गों के जो उम्मीदवार सामान्य कोटि की मेधा-सूची में सम्मिलित हैं, उनकी गणना सामान्य कोटि में ही की गई है और उनके रौल नम्बर सामान्य कोटि की मेधा-सूची में तथा साथ ही उनकी संबंधित आरक्षित कोटि की मेधा-सूची में भी अंकित हैं। ऐसे उम्मीदवारों को नियमानुसार यह सुविधा रहेगी कि वे संस्थान/ पाठ्यक्रम के चुनाव में सामान्य कोटि के मेधा क्रमांक पर कॉउन्सेलिंग / साक्षात्कार में अपनी आरक्षित कोटि का लाभ स्वेच्छानुसार ले सकते हैं। अत: आरक्षण कोटियों के वैसे अभ्यर्थी जो सामान्य कोटि की मेधासूची में सम्मिलित है उनको अपने सामान्य मेधाक्रम के अनुसार निर्धारित तिथि को कॉउन्सेलिंग हेतु आना अनिवार्य है। अन्यथा उनके मेधाक्रम के नीचे के मेधाक्रम वाले अभ्यर्थियों को आरक्षित कोटि की सीटें आवंटित हो जायेंगी जिसके लिये वे स्वयं जिम्मेवार होंगे।

**7.** साक्षात्कार एवं सीट आवंटन का कार्य बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद कार्यालय, आई०ए०एस० संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14 में सम्पन्न होगा।

**8.** इस विज्ञापन की कंडिका-3(ख) के अनुसार साक्षात्कार हेतु पात्रता प्राप्त सभी उम्मीदवारों को विवरण पुस्तिका के पृष्ठ-1 एवं 2 में उल्लिखित सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत सभी निम्नांकित मूल प्रमाण पत्र/ दस्तावेज दो स्वसत्यापित छाया प्रतियों के साथ साक्षात्कार के लिये साथ लाना अनिवार्य है :

**(i)** इंटरमीडिएट या समकक्ष परीक्षा का (क) मूल प्रवेश-पत्र, (ख) मूल अंक-पत्र तथा (ग) मूल/ औपबंधिक उत्तीर्णता प्रमाण-पत्र।

**(ii)** मैट्रिक या समकक्ष परीक्षा का (क) मूल प्रवेश-पत्र, (ख) मूल अंक-पत्र तथा (ग) मूल/ औपबंधिक प्रमाण-पत्र (जन्म तिथि प्रमाण हेतु)।

**(iii)** बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा-2016 (प्रथम एवं द्वितीय चरण) के मूल प्रवेश-पत्र तथा उसमें लगाए गए फोटोग्राफ की छ: अतिरिक्त प्रतियाँ। **(iv)** मूल जाति प्रमाण-पत्र, **(v)** मूल आवासीय प्रमाण-पत्र, **(vi)** चरित्र प्रमाण-पत्र, **(vii)** विवरण पुस्तिका के पृष्ठ 1 एवं 2 में वर्णित अन्य प्रमाण-पत्र, जहाँ लागू हों, यथा-भूतपूर्व सैनिक (SMQ) हेतु भूतपूर्व सैनिक का प्रमाण-पत्र तथा विकलांगता कोटा (DQ) हेतु विकलांगता प्रमाण पत्र आदि। **(iv) यदि उम्मीदवार किसी संस्थान में नामांकित है तो नामांकन शुल्क जमा करने की मूल रसीद तथा संस्थान के प्राचार्य से इस आशय का प्रमाण-पत्र जिसमें यह उल्लेख हो कि उम्मीदवार संस्थान का bonafide छात्र है और उसके सभी मूल प्रमाण-पत्र उस संस्थान के कार्यालय में जमा हैं। प्राचार्य के प्रमाण पत्र में उम्मीदवार का बी.सी.ई.सी.ई.-2016 का रौल नं., मेधा क्रम तथा कोटि जिसके अन्तर्गत उसका नामांकन हुआ है, का भी उल्लेख रहना चाहिये।**

उपरोक्त मूल प्रमाण पत्रों / दस्तावेजों में से जो मूल प्रमाण पत्र/ दस्तावेज उम्मीदवार द्वारा उस संस्थान में जमा हों जहाँ उसका नामांकन हुआ है तो उस संस्थान के प्राचार्य से उनके जमा होने और आवश्यकतानुसार उपलब्ध कराने का प्रमाण पत्र साक्षात्कार / कॉउन्सेलिंग के समय अवश्य प्रस्तुत करें।

**9(क). यदि निर्धारित कॉउन्सेलिंग के आधार पर सीट आवंटन प्रक्रिया पूरा नहीं हो सकेगी तो उसे अगले दिन पूरा करने के लिये सम्बन्धित अभ्यर्थियों को रूकना होगा ।**

**(ख). यदि निर्धारित तिथि / तिथियों से पहले ही उपलब्ध सीटें भर जाती है तो सीटों के भर जाने के बाद की निर्धारित कॉउन्सेलिंग स्थगित कर दी जायेगी।**

**10.** जो उम्मीदवार इस विज्ञापन की कंडिका-3 के साक्षात्कार कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिये पात्रता प्राप्त (eligible) हैं उनको इस साक्षात्कार हेतु अलग से साक्षात्कार पत्र नहीं भेजा जा रहा है । **ऐसे उम्मीदवारों ने यदि उपरोक्त कंडिका 3 के अनुसार निर्धारित तिथि तक साक्षात्कार कार्यक्रम में भाग लेने हेतु अपनी इच्छा व्यक्त करते हुए Online option submit किया है तो वे इस सूचना के आधार पर निर्धारित तिथि एवं समय पर साक्षात्कार में निश्चित् रूप से उपस्थित हो अन्यथा उनको अनुपस्थित मान लिया जायेगा जिसके लिये पर्षद उत्तरदायी नहीं होगा। जो उम्मिदवार निर्धारित तिथि तक Online option submit नहीं करेंगे, वे कॉउन्सेलिंग में भाग लेने के योग्य / हकदार नहीं होंगे।**

**11.** उपर्युक्त सूचना पर्षद के वेबसाईट : **www.bceceboard.com** पर भी उपलब्ध है ।

**परीक्षा नियंत्रक**

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद**